CARKHARIDOBECHO24.COM
CAR KHARIDO BECHO 24
(A UNIT OF DEVBHOOMI AUXILLARY SERVICES PVT.LTD.)
आज ही अपनी कार बेचें ! और पाए सही कीमत
GET INSTANT MONEY FOR YOUR CAR
100% फाइनेंस और इन्योरेन्स की सुविधा उपलब्ध
101,1st Floor, Mahak Apartment, Civil Lines, Prayagraj - 211001
ROHANIYA,VARANASI - 221108
Mob. : 6394138273

चिकन पाक्स का बढ़ा दायरा, कई अन्य मुहल्ले भी चपेट में

संगु, जागरण, लालगोपालगंज : लाल गोपालगंज के दुर्गागंज समेत कई मुहल्लों में चिकन पाक्स तेजी से फैल रहा है। दैनिक जागरण की रिपोर्ट के बाद चिकित्सा विभाग की टीम गांव में पहुंची और दवाएं बांटने लगी, जबकि ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले दो वर्षों से डाक्टर नहीं मिल रहे हैं। इतना बड़ा अस्पताल केवल फार्मासिस्ट द्वारा संचालित किया जा रहा है।

कस्बा के छह मुहल्ले चिकन पाक्स की चपेट में : दुर्गागंज गांव में एक ही परिवार के कई बच्चे चिकन पाक्स से प्रभावित हैं। शनिवार को खबर प्रकाशित होते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से टीम भेजी गई। इसके अलावा, कस्बे के राबर्ट, रजागंज, दानियालपुर, निंदूरा और आह्लादगंज में भी चिकन पाक्स ने पैर पसार लिया है। राबर्ट में अदीब साजिद, मो. बशर, नाजिया बानों, राजगंज में मोहम्मद फैजान, निंदूरा में सुफिया बानों, गुलाम अली, जैद अहमद, सूरज प्रजापति, अहलादगंज में यासीन, और दानियालपुर में अनिल कुमार सहित 20 से अधिक लोग इस संक्रामक बीमारी की चपेट में हैं। सीएचसी कौड़िहार से गठित स्वास्थ्य टीम केवल दुर्गागंज गांव में ही सीमित रह गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़िहार के अधीक्षक डाक्टर अमरेश वर्मा ने बताया कि अन्य मुहल्लों में भी रविवार को टीम भेजी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर एके तिवारी ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य के प्रति निर्देश दिए हैं कि सभी को दवाइयां दी जाएंगी और चिकन पाक्स की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय किए जाएंगे।

लाठी-डंडों से पीटकर गाय की हत्या, तीन पर मुकदमा

संगु, जागरण, कोरांव: कोरांव क्षेत्र के महुली गांव में गाय को लाठी-डंडों से पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है। पीड़ित पशुपालक की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महुली गांव निवासी पवन कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि गांव के राम भवन मौर्य, उनके पुत्र अर्जुन मौर्य तथा पत्नी ने मिलकर उसकी गाय को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया। आरोप है कि गंभीर रूप से घायल गाय ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया।

दैनिक जागरण EDUCATION PLUS A Solution for Winning Admission
के.पी.उच्च शिक्षा संस्थान
झलवा, प्रयागराज
Online Admission Visit www.kpholiallahabad.com
B.Sc. Agriculture (Hons.) & M.Sc. AG
B.A / B.Sc./ B.Com/ B.Sc.(CS)
M.A. / M.Sc./ M.Com / B.B.A. / B.C.A.
B.Lib / M.Lib / B.Ed / D.El.Ed
D.PHARMA / L.L.B./ B.A.L.L.B.
कमला प्रसाद (पा.) आई टी. आई इंड- इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर
9415660244 / 7651804724 / 7755848484 / 9839551444
7 पी.डी. टण्डन पथ, इलाहाबाद मोबाइल-9750052666

आइसक्रीम फैक्ट्री की आड़ में लगाया जा रहा था सट्टा

नैनी/प्रयागराज : रोड़र से लेकर करवे तक इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में सट्टे का खेल बड़े स्तर पर हो रहा है। शुक्रवार रात औद्योगिक थाने की पुलिस ने लंबे समय से चल रहे सट्टेबाजी का भंडाफोड़ करते हुए शिवापुरी गोस्वामी और शुभम्पुरी को दबोच लिया। दोनों आइसक्रीम फैक्ट्री की आड़ में सट्टा खिलवा रहे थे। उनके मोबाइल में आनलाइन सट्टा खिलवाने वाले कई एप मिले। पूछताछ में स्टॉकिस्टों ने भी सट्टा खिलवाने की बात स्वीकार की। तब दारोगा सत्यपाल यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की गई। मोबाइल की जप्ति में 50 लाख रुपये का आनलाइन ट्रांजेक्शन का भी साक्ष्य मिला। बताया गया है कि औद्योगिक क्षेत्र में आइपीएल के शुरूआतों ही सटोरिए सक्रिय हो गए। खासकर सड़वा गांव में आनलाइन और आफलाइन सट्टा लगवाया जा रहा था। शुक्रवार रात पुलिस को पता चला कि गांव में एक मंदिर के पास कुछ युवक सट्टा खिलवा रहे हैं। तब पुलिस ने घेराबंदी कर के शिवापुरी और शुभम्पुरी को पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि बरामद मोबाइल की जांच में आनलाइन सट्टे का एप मिला है। यह भी पता चला है कि शिवा एसोसिएट्स के नाम से एक खाते में फरवरी 2026 में 50 लाख रुपये से ज्यादा का ट्रांजेक्शन किया गया है।

रामबाग के पास 11 केवी लाइन पर गिरे पंक्षी, घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

शार्टसर्किट से कटा जंपर, सतभर ब्रेकडाउन में रहा करेली का नौमाया डाही फीडर

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : कभी बंदर तो कभी नेवले व बिल्ली के कारण बिजली आपूर्ति होती थी, लेकिन अब पक्षियों ने भी निर्बाध आपूर्ति पर ब्रेक लगा दिया है। शुक्रवार रात सेवा समिति विद्यालय मंदिर इंटर कालेज रामबाग के पास 11 केवी लाइन पर दो पंक्षी गिर गए, जिससे शार्ट सर्किट हुआ और जंपर कट गया। लाइन में गड़बड़ी आ गई। जिससे करीब ढाई घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य किया, तब जाकर आपूर्ति बहाल हुई।

इसका असर आजाद नगर साउथ मलाका मुहल्ले में भी दिखा। लाइन में गड़बड़ी आने से खसं केबल बाक्स में खराबी आ गई, जिससे करीब एक घंटे तक आपूर्ति बंद रही। करेली के नौमाया डाही फीडर में शुक्रवार देर रात गड़बड़ी आ गई, जिससे फीडर ब्रेकडाउन में चला गया। इससे फीडर से संबंधित मुहल्लों में रातभर बिजली आपूर्ति ठप रही। शनिवार सुबह कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य किया, तब जाकर बिजली बहाल हुई। हालांकि, इसके बाद दिनभर ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। गौसनगर, जीटीबी नगर, तिरंगा चौराहा, हड्डी गोदाम मुहल्ले में बिजली की आवाजाही ने लोगों को खासा परेशान किया। 120 सब स्टेशन से जुड़े मुहल्लों में शुक्रवार रात से शनिवार देर शाम तक बिजली की ट्रिपिंग से गर्मी में लोग बेहाल हो गए। एलनगंज, कटरा, गढ़ीसराय, हिम्मतगंज, लूकरगंज, अटाला, बुलुआघाट, शीशामहल, हटिया, नीबां, टीपी नगर मुहल्ले में शनिवार को दिनभर कई बार फ्यूज व डीआरी उड़े। चकिया, नीमसराय, मुंडेरा गांव, पोंगहट पुल, केण्ड्रईपुर, बक्शी खुर्द में बंद कंडक्टर में खराबी आने से आपूर्ति प्रभावित रही।

रामबाग स्थित सेवा समिति विद्यालय मंदिर इंटर कालेज के पास फटर से कूद रहे पंक्षी ● जागरण

वैरहना में आज से चार दिन प्रभावित रहेगी आपूर्ति

प्रयागराज : वैरहना उपकेंद्र से संबंधित वैरहना मुहल्ले में 10 से 13 मई तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उपखंड अधिकारी रामेंद्र पांडेय ने बताया कि बिजनेस प्लान के तहत एलटी एबीसी लगने के कारण सुबह 11 से शाम पांच बजे तक वैरहना क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

आवश्यक सूचना
विज्ञापन दाताओं के हेतु
Jagran

सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी विज्ञापनदाताओं से अनुरोध है कि उनके द्वारा जागरण प्रकाशन लिमिटेड (दैनिक जागरण समाचार पत्र) में प्रकाशित कराये गए विज्ञापनों के बिलों एवं बकाये का भुगतान बिल पर **मुद्रित यस बैंक के वर्चुअल खाते** अथवा **जागरण प्रकाशन लिमिटेड** के द्वारा अधिकृत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सिविल लाइंस, प्रयागराज** के खाता संख्या: **3892856076 आईएफएससी कोड: CBIN0280183** में ही करें एवं भुगतान की गयी राशि से सम्बंधित बिलों की सूचना भी प्रदान करें जिससे भुगतान का सही समायोजन किया जा सकें। साथ ही, किसी भी प्रकार की सहायता के लिए या असुविधा होने पर आप सभी **प्रयागराज यूनिट** के **सीनियर रिकवरी अधिकारी (शैलेन्द्र कुमार)** के व्हाट्सएप मोबाइल नंबर **7007975143** एवं ई–मेल shailendra.kumar@ald.jagran.com पर संपर्क कर सकते है। **संस्था के अलावा किसी भी व्यक्तिगत बैंक खाते में विज्ञापन की राशि का भुगतान न करें अन्यथा ऐसा कोई भी भुगतान गैरकानूनी होगा तथा मान्य/स्वीकार नहीं होगा एवं बकाया भुगतान में समायोजित नही किया जायेगा। यदि उपरोक्त निर्देशों के विपरीत यदि कोई भी भुगतान किया गया है तो विज्ञापनदाता इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।**

धन्यवाद्

महाप्रबन्धक
जागरण प्रकाशन लिमिटेड
प्रयागराज यूनिट

दैनिक जागरण क्लासीफाइड
जन दर्शन, जयाश जागरण
Search Classified Jobs Matrimony Services Shop Deals Travel Real Estate Auto Buy Sell
For online booking log on to www.jagranclassifieds.com

आवश्यकता

EARTH STAR ACADEMY
Formerly Known as ANJANI
Pre-Primary and Primary School
Kalwa Bhai Lanpur Vill. Vari. Prayag
Affiliation No. PA0945556641
REQUIRES
PRINCIPAL (FEMALE)
Qualification & Experience
P.G., Trained (B.Ed. or D.L.Ed.).
5 Years Teaching experience with out standing work in Academic field. Fluent in English and Administrative skill.
Interview on 16th May 2026 10.00 a.m. to 12.00 p.m.
Please send your Resume with recent passport size photograph.
E-mail: earthstar.academy@gmail.com
Website : www.earthstaracademy.co.in
Mob. : 8005400511

बौद्धिक प्रकाशन झूंसी, प्रयागराज
आवश्यकता है
लेखकों की
इतिहास
भूगोल
अर्थशास्त्र
सैश्धिान
जीव विज्ञान
भौतिक एवं रसायन विज्ञान
राम-रामायिकी
ध्यान दें! कमरा+टिफिन सुविधा उपलब्ध (सशुल्क)
योग्यता विषय विशेष में JRF या सिविल सेवा प्रतियोगी अथवा NET
कम्पोजर-फार्मेटर (C.D. युक्त)
ड्राइवर
सम्पर्क करें
6386652795
6306922150
E-mail : baudhikprakashan 1.6.1964@gmail.com

रेलवे कार्य हेतु आई.टी.आई. लड़कों को फिटर ट्रेड की आवश्यकता है अभिरुचि सम्पर्क करें। पायनियर इन्टरप्राइजेज, प्रयागराज, 9554700364, 8423260671

चाट कारीगर के लिए हेल्पर आवश्यक है। फुल टाइम नौकरी, वेतन रू 12,000 – रू 18,000 , खाना और रहने की सुविधा सहित। महाड़ा कॉलोनी 19 , फ्वई मुंबई 7304519125

व्यापार

भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रॉयडो से जुड़ें, ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें– 8929449955

सूचना

मेरा संस्था AITC बोर्ड UPBTE डिप्लोमा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 17922494063 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। नाम–सावेश कुमार यादव पुत्र लालमणि, पता–सरंगापुर (टिकरी) कमलानगर प्रयागराज 212109

मेरा लाइसेंस नम्बर 95/बहरियां एवं शस्त्र नंबर 12994-SBBL खो गया है। ओंकारनाथ पटेल पुत्र स्वर्गीय ऋषि राम निवासी अतरपुर, थाना बहरियां, प्रयागराज।

मेरी इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डिग्री बी.काम. वर्ष 2005 नामांकन सं. S0230023 वास्तव में खो गयी है। नादिया सिद्दीकी पुत्री स्व. मुज्जमिल उल्ला, 3 मयोर रोड कटरा प्रयागराज।

प्रापर्टी

Extremely Prime Location LDA Institutional CORNER PLOT Size 17216 sq. feet, Gomti Nagar Extention near CMS School, Lucknow. Best 4 Hotel, Hospital, corporate Building etc. For Buy call SBS PROPERTIES 9005980001, 9335903640.

बिकाऊ

Sale of 3 bhk flat in Civil Lines Prayagraj near palace cinema, carpet 1300 sqft 3rd floor east facing, having lift, security and parking. Contact 9971114155

त्रिवेणी पुरम के समीप, सालिम राम जायसवाल इण्टर कालेज के पीछे नैका महीन झूंसी (छतनाग रोड) में 29'x52', 172 वर्गगज बाउण्ड्री निर्मित फ्रीहोल्ड प्लाट है। सम्पर्क करें– 9450615257

फ्रीहोल्ड प्लाट बिकाऊ है– मड़ौका में कृष्णा हास्पिटल रोड पर 19x60 रास्ता 18 फिट मेनरोड से 300 मीटर पर है। मो.नं. 8887669907

नया मम्फोर्डगंज पॉश कालोनी स्थित 3 मंजिला मकान, 10 बड़े कमरे, 3 स्टोर, 6 टायलेट बाथरूम, 3 आधुनिक किचन, पूरब फ्रंट अगी–पीछे मार्ग, सीढ़ी प्रवेश, 6392665851, 9452101773

प्रयागराज में स्थित एक 3 मंजिला मकान कार्नर पर निर्मित 40ft और 20ft सड़क के किनारे RCC से बना जीटी रोड से जुड़ा पश्चिम और उत्तरमुखी, बिल्डर भी संपर्क करें 9369482147 दलाल माफ करें।

किराया सम्बन्धी

दुकान किराये पर उपलब्ध राजापुर बाजार मेन म्योर रोड पर सम्पर्क– गंगा मेमोरियल स्कूल, 69 म्योर रोड प्रयागराज। ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट, मो. 9450080948

3 BHK फ्रीट गेविंदिपुर कॉलोनी में किराए के लिए उपलब्ध है संपर्क – 9415273983

नाम परिवर्तन

मेरे पिता का नाम मो. युसूफ (Mohd Yusuf) है गलती बस दस्तावेजों में (Mohammad Yusuf) अंकित हो गया है। जिसे मो.युसूफ Mohd Yusuf के नाम से जाना व पहचाना जाए। शहाब आलम पुत्र मो. युसूफ 79 स्टेशन रोड शाहगंज मऊआइमा।

मेरे पिता का नाम अंसार अहमद (Ansar Ahmad) है गलती बस दस्तावेजों में अंसार अब्बासी (Ansar Abbasi) हो गया है जिन्हें अंसार अहमद (Ansar Ahmad) के नाम से जाना व पहचाना जाए। मोहसिन अहमद अब्बासी जमखुरी मऊआइमा प्रयागराज।

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं. UP 701994004584 में पिता जी का नाम Raj Bahadur Vishwakarma हो गया है जो कि गलत है। सही नाम राम बहादुर विश्वकर्मा (Ram Bahadur Vishwakarma) है। भविष्य में इन्हें इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। ओम प्रकाश विश्वकर्मा, नि. 575/210Z/2 कसारी मसारी, चांकया, जी.टी.बी. नगर, प्रयागराज।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम संगीता पत्नी रवि प्रकाश सिंह पुत्री किशन पाल सिंह है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख व अन्य दस्तावेज में अंकित है। ट्रुटियश मेरे आधार कार्ड संख्या 860521823331 में सोनल सिंह राघव हो गया है सोनल सिंह राघव एवं संगीता एक ही महिला हैं भविष्य में उसके सही नाम संगीता पत्नी रवि प्रकाश सिंह पुत्री किशन पाल सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाय। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक, औपचारिकताएं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं।

मेरा नाम मो.अबू तालिब (Mohd Abu Talib) है तथा मेरे पिता का नाम मसूद अहमद Masood Ahmad है गलती बस दस्तावेज में मेरा नाम (Mohammad Abu Talib) व पिता के नाम की मीनिंग में (Masud Ahmad) अंकित हो गया है। जिसे शुद्ध रूप से मुझे Mohd Abu Talib व मेरे पिता की Masood Ahmad के नाम से जाना पहचाना जाए। मो. अबू तालिब खानपुर बटहा मऊआइमा प्रयागराज।

अशोक गुप्ता का व्यक्तित्व और समर्पण अनुकरणीय

अशोक गुप्ता शहीद दिवस समारोह में शामिल पदाधिकारी ● सौ. लखप्रा

प्रयागराज : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह रहे स्व. अशोक गुप्त का व्यक्तित्व, उनका समर्पण और स्वदेश प्रेम अनुकरणीय है। वह आदर्श प्रचारक होने के साथ सरल, निश्चल व्यक्ति थे। यह बात न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी ने कही। वह शनिवार को ज्वाला देवी सिविल लाइंस में आयोजित अशोक गुप्ता शहीद दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

बताया कि अशोक गुप्त की 1990 में गुरु तेग बहादुर नगर (करेली) में हत्या कर दी गई थी। उनकी स्मृति में गठित न्यास हर साल नौ मई को स्मृति दिवस के रूप में मनाता है। मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता ने अशोक गुप्ता से जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। कहा, उनके जैसा समर्पण बहुत कम लोगों में देखने को मिलता है। मुख्य वक्ता क्षेत्र कार्यवाह वीरेंद्र जायसवाल ने कहा, अशोक जिस समाज की रचना कर रहे थे उन्हें उसकी कीमत चुकानी पड़ी। प्रांत प्रचारक स्मेश ने कहा कि अशोक गुप्ता की स्मृतियां हमे ताकत देती हैं। कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय शरद ने दिया। इस अवसर पर नए न्यासियों का भी चयन हुआ। इसमें न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी, सुदेश शर्मा, डा. आनंद श्रीवास्तव, ध्यवन, अंकुश गुप्ता और गगन मेहता शामिल किए गए। आयोजन में राजाराम बाटद्य, संजय कुमार, केयी सिंह, सुरांध, विद्याधर, डा. एसएन सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर जनपद, प्रतापगढ़

पत्रांक : 47 /न0प0मानिकपुर/2026–27 दिनांक: 07 मई 2026

नगर पंचायत मानिकपुर में राज्य सेक्टर की "02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क" के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष–2025–26 में स्वीकृत धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु स्वायत्त निकाय/राज्य सरकार/अन्य सरकारी विभाग में समस्त श्रेणी के कार्य की लागत सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नवत् कार्यक्रमानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य के सम्बन्ध में एवं निविदा की नियम व शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जहां से डाउनलोड कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रकाशन, डाउनलोड, व डालने की तिथि	09.05.2026 से 2026 तक	01.06.	प्रातः 11.00 बजे से प्रातः 11.00 बजे तक
निविदा खुलने की तिथि	01.06.2026		02.00 बजे अपरान्ह
निविदा शुल्क की धनराशि जमा कर रसीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।	बैंक का नाम– पंजाब नैशनल बैंक शाखा मानिकपुर खाता संख्या–8704002100000576 आईएफसी कोड PUNB0870400		

- आमन्त्रणकर्ता द्वारा आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जायेगी। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें, ताकि संशोधन जारी होने की दशा में उक्त जानकारी उन्हें प्राप्त हो सके।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मानिकपुर
प्रतापगढ़।

अध्यक्ष,
नगर पंचायत मानिकपुर
प्रतापगढ़।

विकसित खेती का संकल्प लेंगे 500 गांवों के किसान

जागरण संवाददाता, प्रयागराज: सरकार अब गांवों में खेती को उन्नतशील और प्रगतिशील बनाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। यह अभियान 15 से 29 मई तक चलेगा, जिसमें कृषि, मत्स्य और पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ और अधिकारी 500 गांवों में गोष्ठियों का आयोजन करेंगे।

इस दौरान किसानों को उत्पादन बढ़ाने और गुणवत्ता सुधारने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

यह अभियान खरीफ की खेती पर केंद्रित होगा, जो जून में धान की बेढ़न डालने के साथ शुरू होती है।

उपकृषि निदेशक पवन कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि किसानों को धान की रोपाई, खाद–पानी देने की विधियों और अन्य फसलों जैसे अरहर, तिल, बाजरा आदि की खेती में भी जानकारी दी जाएगी। टीमों का गठन जल्द ही किया जाएगा।

सिविल लाइंस में किराये पर उपलब्ध है
महात्मा गांधी मार्ग सिविल लाइंस, प्रेम पुष्प प्लाजा में (काफी हाउस के बगल)
650 वर्ग फुट के दो हाल किराए पर उपलब्ध हैं।
9935318811
9936078555

शिकंजा कसा तो निकली पुरानी पत्रावलियां, खोजा सवालों का जवाब

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : पंचायती राज विभाग ने शिकंजा क्या कसा, ग्राम पंचायतें सक्रिय हो गईं। दस्तावेजों का अभाव बताकर 15–15 साल पुरानी जिन आपत्तियों से सचिव पीछा छुड़ा रहे थे, उनकी भी फाइलें खोजकर निकाली गईं। बीते दो महीने के अंदर ही करीब 90 फीसद आपत्तियों के जवाब खोजे जा चुके हैं। इनमें से तमाम आपत्तियां निस्तारित भी हो चुकी हैं।

जिला लेखा परीक्षा विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों का आडिट किया जाता है। इस आडिट में अक्सर बड़ी खामियां सामने आती हैं। इन पर आडिटर अपनी आपत्तियां लगाते हैं। फिर उन्हें निस्तारण के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को दिया जाता है। वर्ष 2010–11 से लेकर वर्ष 2018–19 तक की 592 आपत्तियां अटकी हुई थीं। वर्ष 2019–20 से लेकर वर्ष 2023–24 के बीच के 519 आपत्तियां लंबित थीं। सचिव इनका निस्तारण नहीं कर रहे थे। कोई तत्कालीन सचिवों के तबादले होने का तर्क दे रहा था तो कोई पत्रावलियां न मिलने का। करीब दो महीने पहले पंचायती राज विभाग ने इन आपत्तियों के निस्तारण को लेकर अभियान चलाया। डीपीआरओ रवि शंकर द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2010–11 से लेकर 2018–19 के बीच की 472 आपत्तियों के जवाब जिला लेखा परीक्षा अधिकारी को भेजे जा चुके हैं। 66 आपत्तियां निस्तारित भी हो चुकी हैं। 54 शेष बची हैं। इसी तरह वर्ष 2019–20 से वर्ष 2023–24 के बीच की 457 आपत्तियों पर जवाब दाखिल हो गए हैं। 62 आपत्तियों का निस्तारण शेष बचा है।

Classifieds दैनिक जागरण
YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT.
OVER PHONE in Prayagraj
For More Details Contact
OFFICE : 9936997492
OFFICE : 8810727445
Kaushambi : 9918489500
Pratapgarh : 9415627438

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank ...the name you can BANK upon!
ई- नीलामी बिक्री सूचना
एआरएमबी, प्रयागराज, प्रथम तल, यूनाइटेड टावर, लीडर रोड, प्रयागराज- 211001, ईमेल:cs8299@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के लघु पठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं/या नियम 9 (1) के प्रावधानों के साथ पठित के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस

ल्तद्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधारण को एवं विशेष रूप से ऋणकर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि सेक्योर्ड क्रेडिटर्स के पास बंधक/प्रभारित नीचे बताई गई अचल सम्पत्ति, जिसका बैंक/ सेक्योर्ड क्रेडिटर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा लिया जा चुका है, को सम्बन्धित ऋणकर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) से बैंक/ सेक्योर्ड क्रेडिटर्स को देय, देय राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में बताई गई तिथि को **"जहां है जैसा है" और "जो है जैसा है" और "जो भी वहाँ हैं"** के आधार पर बिक्री किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि (अरनेस्ट मनी) सम्बन्धित सम्पत्तियों के एवज में नीचे दी गई तालिका के अनुसार जमा किया जाएगा।

प्रतिभूतित आस्तियों का विवरण

क्रम संख्या	शाखा का नाम / खाता का नाम / ऋणी/ जमानतकर्ता के खाते का नाम एवं पता	बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण/ स्वामियों का नाम (सम्पत्तियों के बंधककर्ता)	(अ) सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि / दिनांक 30.04.2026 तक (ब) बकाया राशि (स) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत कब्जा तिथि (द) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक	(अ) आरक्षित मूल्य (ब) ईएमडी (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि) (स) बिड वृद्धि राशि	ई- नीलामी तिथि/ समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभार का विवरण
1.	एआरएमबी प्रयागराज(829900) मेसर्स सेठा क्रिस्ल फिल्म ऋणी-(1) मेसर्स सेठा क्रिस्ल फिल्म (पार्टनरशिप फर्म), ग्राम कलिंजरा उर्फ बाडतरंज, घूरपुर, प्रयागराज/इलाहाबाद 3090 -211007 (2) श्री सुनील कुमार सिंह पुत्र श्री राम राज सिंह (पार्टनर सेठा क्रिस्ल फिल्म) ग्राम कलिंजरा उर्फ बाडतरंज, घूरपुर, प्रयागराज/इलाहाबाद, 3090 - 211007 (3) श्री राम राज सिंह पुत्र स्वर्गीय मुंशी लाल सिंह (पार्टनर सेठा क्रिस्ल फिल्म) ग्राम कलिंजरा उर्फ बाडतरंज, घूरपुर, प्रयागराज/इलाहाबाद, 3090 - 211007 (4) श्री मैना लाल सिंह पुत्र स्वर्गीय मुंशी लाल सिंह (पार्टनर सेठा क्रिस्ल फिल्म) 76 ग्राम डेकारिया तहसील बारा प्रयागराज/इलाहाबाद, 3090-211007 जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता- श्री सुनील कुमार सिंह पुत्र श्री राम राज सिंह पुत्र श्री राम राज सिंह पुत्र स्वर्गीय मुंशी लाल सिंह ग्राम कलिंजरा उर्फ बाडतरंज, घूरपुर, प्रयागराज/इलाहाबाद, 3090- 211007	सम्पत्ति आराजी नंबर 162 के 1/4 भाग पर स्थित है तथा मौजा कलिंजरा उर्फ बाडतरंज, परगना अर्रैल तहसील करछना, प्रयागराज/इलाहाबाद में स्थित है क्षेत्रफल- 0.2240 हेक्टेयर स्वामी- सुनील कुमार सिंह पुत्र राम राज सिंह चौहदी (डीड के अनुसार)-पूरब: आराजी नंबर 162 का शेष भाग पश्चिम: आराजी नंबर 162का शेष भाग उत्तर: आराजी नंबर 162 का शेष भाग दक्षिण: आराजी नंबर 162 का शेष भाग	(अ) रु. 30,50,000.00 (ब) रु. 3,05,000.00 (25.05.2026) (स)- रु 50,000.00	26.05.2026 को प्रातः 11.00 से सायं 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं
2.	एआरएमबी प्रयागराज(829900) मेसर्स संजय कुमार भारती ऋणी-1. मेसर्स संजय कुमार भारती प्रो. श्री. संजय कुमार भारती मकान नं. 346/12बी, ग्राम पंचायत परगना-अर्रैल, तहसील-करछना जिला प्रयागराज 3090-212301 (2) श्री. संजय कुमार भारती पुत्र श्री भोला नाथ भारती मौजा-धनुहा, परगना-अर्रैल, तहसील-करछना जिला प्रयागराज, 3090-212301 जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता- श्री सुनील कुमार भारती पुत्र श्री भोला नाथ भारती प्रो.श्री संजय कुमार भारती मकान नंबर 346/12बी, चाका, आराजी नंबर 346 मिप, मौजा-धनुहा, परगना-अर्रैल, तहसील-करछना जिला प्रयागराज, 3090-212301	सांमिक बंधक सम्पत्ति मकान नं. 346/12बी, चाका, आराजी नंबर 346 मिप, मौजा-धनुहा, परगना-अर्रैल, तहसील-करछना जिला प्रयागराज श्री संजय कुमार भारती पुत्र श्री भोला नाथ भारती की संपत्ति है। क्षेत्रफल: 266.93 वर्गमीटर स्वामी- श्री संजय कुमार भारती पुत्र श्री भोला नाथ भारती चौहदी (डीड के अनुसार)- पूरब: 4.5 मीटर चौड़ी सड़क पश्चिम: तथा दक्षि और अन्य का प्लॉट/मकान, उत्तर: उक्त आराजी का शेष भाग (राजेश कुमार भारतीय का मकान) दक्षिण: रमाकांत श्रीवास्तव और अन्य प्लॉट/मकान	(अ) रु. 28,72,800.00 (ब) रु. 2,87,280.00 (25.05.2026) (स)- रु 50,000.00	26.05.2026 को प्रातः 11.00 से सायं 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें: -

(1)- बिक्री सुरक्षा नियम (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 और आगे की नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। (2)- सम्पत्तियों को **"जहां है जैसा है" और "जो है जैसा है" और "जो भी वहां है"** के आधार पर बेचा जा रहा है। (3)- उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। (4)- बिक्री के लिए **दिनांक 26.05.2026 को सुबह 11.00 बजे से सांय 04:00 बजे** के मध्य वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध कराए गये ई-नीलामी मंच के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। (5)- बिक्री की विस्तृत नियम तथा शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** को देखें तथा हमारे सर्विस प्रोवाइडर मेसर्स पीएसबी एलायेन्स प्रा०लि० हेल्पडेस्क नं. +918291220220, email ID: support.baanknet@psballiance.com पर संम्पर्क करें।

सरफेसी अधीनियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 9 (1) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना

प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 07.05.2026 स्थान: प्रयागराज
प्रतिभूति क्रेडिटर्स, पंजाब नैशनल बैंक